NT>

Title: Need to restore the time of regional news by Akashvani at 8.30 a.m. in Bihar and also to start regional Bulletin in the morning by Doordarshan.

श्रीमती रेनु कुमारी (खगड़िया) : उपाध्यक्ष जी, बिहार में आकाशवाणी द्वारा हर रोज तीन बार (रात्रि 7.30 बजे, दिन में 3.10 बजे तथा सुबह 8.30 बजे) हिन्दी में प्रादेशिक समाचार प्रसारित होता था। लेकिन झारखंड राज्य के अलग हो जाने के बाद प्रातःकालीन 8.30 बजे प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार का प्रसारण बन्द कर दिया गया है। सुबह का प्रसारित होने वाला यह प्रादेशिक समाचार बहुत ही उपयुक्त था। रात्रि के 7.30 बजे वाले प्रादेशिक समाचार के समय बी.बी.सी. का प्रसारण भी शुरू हो जाता है और जागरूक लोग देश-विदेश का सामयिक समाचार सुनना ज्यादा पसंद करते हैं। दिन का 3.10 बजे प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार भी अन्यत्र व्यस्त रहने के कारण कम लोग ही सुन पाते हैं। दूरदर्शन से भी मात्र एक बार सात बजे शाम में प्रादेशिक समाचार का प्रसारण होता है। बिहार में बिजली की दयनीय स्थिति के चलते इसे भी लोग नियमित रूप से नहीं देख पाते हैं।

अतः बिहार में आकाशवाणी द्वारा 8.30 बजे का प्रादेशिक समाचार का प्रसारण अविलम्ब किया जाये तथा दूरदर्शन से भी सुबह में प्रादेशिक समाचार का प्रसारण किया जाये।